मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 09 सितम्बर 2014

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	09-09-14	10-09-14	11-09-14	12-09-14	13-09-14
वर्षा (मि.मी.)	6	5	3	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	34	35	35	36	36
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	26	27	27	28	28
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	6	5	6	4	3
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	80	88	80	78	70
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	45	45	42	43	38
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	14	15	10	12	12
हवा की दिशा	दक्षिण–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह :

किसान भाई वातावरण में आर्द्रता एवं वर्षा के मद्देनजर पौध संरक्षण रसायनो का छिड़काव मौसम के खुलने के बाद ही करें।

फसल में जेसिड और सफेद मक्खी का प्रकोप होने पर इसके नियंत्रण हेतु डायमिथोएट 30 ई.सी. का एक एम.एल प्रति लीटर की दर से छिड़काव करें।

मूंग की फसल में तना झुलसा रोग के लक्षण दिखाई देने पर 2 किलो मैन्कोजेब का प्रति हैक्टेयर की दर छिड़काव करें।

तिल की फसल में झुलसा रोग का प्रकोप दिखाई दे तो मैन्कोजेब या जाईनेब 1.5 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।

बाड़े में जल के निकास का समुचित प्रबंधन करें व साफ – सफाई का विशेष ध्यान रखें। पशुओं को हरे चारे के साथ सूखा चारा मिलाकर खिलावें।